# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


पत्रांक : /2025–26 दिनांक : 03.11.2025

## प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में आज "रिसर्च प्रोजेक्ट एवं शैक्षणिक अनुसंधान पद्धति" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध कार्य के प्रति रुचि विकसित करना, अनुसंधान प्रक्रिया को समझाना तथा उच्च शिक्षा में रिसर्च आधारित अधिगम को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने रिसर्च प्रोजेक्ट की रूपरेखा, शोध शीर्षक चयन, समस्या कथन, समीक्षा साहित्य, शोध पद्धति, डेटा संग्रहण, विश्लेषण तथा रिपोर्ट लेखन के चरणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को उदाहरणों के माध्यम से रिसर्च में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के तरीकों पर भी मार्गदर्शन दिया।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्तमान युग में गुणवत्तापूर्ण शोध न केवल शैक्षणिक उन्नति के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के विकास और ज्ञान के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी एवं मौलिकता को शोध का आधार बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रानी द्विवेदी ने किया। उन्होंने शोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रिसर्च आधारित अध्ययन से विद्यार्थियों की सोच विश्लेषणात्मक एवं रचनात्मक बनती है, जो भविष्य में उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में आगे बढ़ने में मदद करती है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. चंडी प्रसाद पाण्डेय ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह अन्य शिक्षक डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी डॉ. चंडी प्रसाद पाण्डेय,डॉ. अभय कुमार मालवीय, दीपक कुमार साहनी, एवं विभाग के छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क